दिन– सोमवार दिनांक– 23 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है। श्री मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से देशभर के इकहत्तर हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री मोदी ने कहा कि यह रोजगार पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराये जा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष से देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग करना सरकार की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियों और निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर निर्मित किए जा रहे हैं। रोजगार मेले की शुरूआत अक्टूबर दो हजार बाईस में हुई थी। अब तक पचास शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे तेरह रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं।

———————————————

रोजगार मेले का आयोजन पटना और मुजफ्फरपुर समेत देशभर के पैंतालीस स्थानों पर किया गया। केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इधर, मुजफ्फरपुर में सीआरपीएफ के झपहां स्थित ग्रुप केन्द्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जहां केन्द्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद ने पांच सौ अस्सी युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र के डिप्टी कमांडर संजीव कुमार झा भी उपस्थित थे।

———————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चंपारण जिले से सप्ताह भर की प्रगति यात्रा शुरू की। श्री कुमार सबसे पहले वाल्मीकिनगर में जनजातीय समुदाय थारू के गांव घोटवा टोला पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां सात सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन योजनाओं में वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपलब्ध कराने के लिए अंडर ग्राउंड केबल और ग्रीड की स्थापना प्रमुख रूप से शामिल है। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जीविका दीदियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं में विशेष उत्साह दिखा। मुख्यमंत्री ने मंझौलिया के धोकरहा पंचायत का भी दौरा किया। यहां उन्होंने मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने शिकारपुर में जीविका के तहत लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और महिला–पुरूष उद्यमियों को प्रोत्साहन योजना के तहत चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री आज बेतिया समाहरणालय सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चलाए जा रहे विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। प्रगति यात्रा के दुसरे दिन कल मुख्यमंत्री पूर्वी चंपारण जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

———————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में पूर्वा हवा के प्रभाव से मौसम सामान्य बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक रात के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, बांका समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों के अधिकतर स्थानों पर घने स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————

पूर्णियां जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोकवा गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक ने मामूली विवाद के बाद पिकअप वैन से कई लोगों को कुचल दिया। इस घटना में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

———————————————————————

समाप्त